Seventeenth Loksabha

an>

Title: Re. Need to speed-up the conversion of Akola-Khandwa Metre gauge line to Broad guage Line.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): सभापति महोदया, धन्यवाद ।

महोदया, मैं आपको सादर अवगत कराना चाहता हूँ कि रेलवे मंत्रालय के द्वारा दक्षिण-मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के अंतर्गत अकोला-खंडवा मीटरगेज रेल मार्ग को ब्रॉडगेज में परिवर्तित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है । यह रेल मार्ग मेलघाट रिजर्व फॉरेस्ट के टाइगर रिजर्व कोर हैबिटेट से न ले जाते हुए, बाहर से ले जाने के बारे में केन्द्रीय सशक्तता समिति, वन विभाग, राज्य सरकार और मेरे द्वारा भी विनती की गई थी ।

महोदया, मैं आपको सादर अवगत कराना चाहूंगा कि विगत 11 जून, 2022 की वेस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक में पश्चिम राज्यों से संबंधित कुछ निर्णय हुए हैं । अकोला-खंडवा रेलवे मार्ग के निर्माण को जंगल के बाहर से एवं दुर्गम आदिवासी क्षेत्र से निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है । इसके लिए मैं सरकार का आभारी हूं । इस रेल मार्ग में मेरे लोक सभा क्षेत्र बुलाढाणा के जलगांव, जामोद, संग्रामपुर तहसील के कई स्टेशंस आते हैं ।

अत: मेरा आपसे विनम्र आग्रह है कि अकोला-खंडवा रेलवे मार्ग के निर्माण को शीघ्रातिशीघ्र कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें, ताकि लाखों लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके । इस हेतु मैं आपका सदैव आभारी रहूंगा ।